ISSN No. (E) 2455 - 0817
ISSN No. (P) 2394 - 0344
RNI : UPBIL/2016/67980
VOL-3* ISSUE-7* (Part-1) October- 2018
Monthly / Bi-lingual

Multi-disciplinary International Journal

Remarking An Analisation

Peer Reviewed / Refereed Journal

Impact Factor
GIF = 0.543

Impact Factor
IIJIF = 6.134

Indexed with Google scholar

Impact Factor
SJIF = 5.879

Scanned with CamScanner

25	**Teaching Effectiveness of Secondary School Teachers in Relation to Demographic Factors** Ranjit Kaur, Kavita Sharma, Sirsa & Shamshir Singh Dhillon, Bathinda	131-137
26	**Word - Meaning Theory of Logical Positivism and Advaita Vedanta** Gurmukh , Jaipur, Rajasthan	138-143
27	**Immediate Effect on Heart Rate in the Final Position of Selected Asanas** A K Diwaker, Bidhuna, Auraiya, U.P.	144-147
28	**गाँधी चिन्तन में व्यक्ति** गुलाब चन्द्र मीना, बांदीकुई, राजस्थान	148-150
29	**महिलाओं का समानता का अधिकार एवं सबरीमाला मंदिर प्रवेश व्यवस्था** कविता देवी, मोर माजरा, करनाल	151-154
30	**भारतीय चित्रकला में सामाजिक चित्रण** भूरसिंह जाटव, पावटा, जयपुर, राजस्थान	155-160
31	**पूर्व मध्यकालीन उत्तर भारत में धर्म का स्वरूप** श्वेता, रोहतक	161-164
32	**प्राचीन भारतीय इतिहास में स्तूप का अर्थ तथा उसका उदय (वैदिक युग से लेकर बौद्धकाल तक)** कुमार प्रमोद, जोधपुर, राजस्थान	165-167
33	**राजा रवि वर्मा : व्यक्तित्व एवं कृतित्व** पूनम कुमारी, हिसार	168-172
34	**जनजाति उपयोजना क्षेत्र के उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के स्वसामर्थ्य का अध्ययन** भारती सालवी, उदयपुर, राजस्थान	173-175
35	**जयपुर घराने का सूरज पंडित गिरधारी महाराज** सुरभि शर्मा एवं पं0 गिरधारी महाराज, जयपुर, राजस्थान	176-179
36	**21वीं सदी में राजनीति और बाजारवाद** संगीता, रोहतक	180-182
37	**पं० लखमीचन्द के सांगों में निरूपित ब्रह्म दर्शन** कविता, सोनीपत	183-186
38	**वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अस्मितावादी राजनीतिक चिंतन और साहित्य** राज भारद्वाज, दिल्ली	187-190
39	**भगवतीचरण वर्मा के उपन्यास 'रेखा' में नारी से जुड़ा मिथक और यथार्थ** रमेश कुमार, सिरसा, हरियाणा एवं ममता, चेन्नई, तमिलनाडु	191-193
40	**मूल्यहीनता के सन्दर्भ में : 'राग दरबारी'** तेजेश्वर प्रसाद नोनियाँ, वर्द्धमान, पश्चिम बंगाल	194-196
41	**स्वाङ्ग पद का साङ्गोपाङ्गविश्लेशणपूर्वक "स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात" सूत्र का परिशीलन** विनोद कुमार झा, वेरावल, गुजरात	197-201
42	**रामपुर रियासत के मृदंगाचार्य पंडित एवं गुरू गया प्रसाद जी का सुप्रसिद्ध घराना** आकांक्षा कृष्ण, बरेली	202-207
43	**सफेदपोश अपराध (विशेषतः जमाखोरी, कालाबाजारी, एवं मिलावटखोरी)** राजेश बहुगुणा, देहरादून एवं सुमेर चन्द रवि, देहरादून,	208-218

Scanned with CamScanner

P: ISSN NO.: 2394-0344
E: ISSN NO.: 2455-0817
RNI No.UPBIL/2016/67980
VOL-3* ISSUE-7* (Part-1) October- 2018
Remarkina An Analisation

स्वाङ्ग पद का साङ्गोपाङ्गविश्लेशणपूर्वक "स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्" सूत्र का परिशीलन

प्रो. विनोद कुमार झा
अध्यक्ष,
व्याकरण विभाग,
श्री सोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी,
वेरावल, गुजरात

सारांश

प्रस्तुत सूत्र से स्त्रीत्व की विवक्षा में विकल्प से 'ङीष्' प्रत्यय होता है। इस सूत्र में पठित 'स्वाङ्ग' पद का 'अपना अङ्ग' अर्थ नहीं है, अपितु व्याकरण में यह एक पारिभाषिक शब्द है। वैयाकरणों ने इनको तीन प्रकार से परिभाषित किया है, जो इस प्रकार हैं– 1. अद्रवं मूर्तितमत् स्वाङ्गं प्राणिस्थमविकारजम् 2. अतत्स्थं तत्र दृष्टं च 3. तेन चेत्ततथायुतम्। 'स्वाङ्ग' के इन तीन प्रकार के परिभाषाओं को सोदाहरण प्रस्तुत कर इस सूत्र के दो उदाहरण भी प्रस्तुत किये गये हैं। साथ ही सूत्र में आने वाले पदों का पदकृत्य भी सोदाहरण प्रस्तुत करते हुए इस सूत्र के विभिन्न अपवाद सूत्रों को भी अर्थ व उदाहरण सहित दर्शाये गये हैं।

मुख्य शब्द : स्त्रीत्व, विवक्षा, उपधा, असंयोगोपध, अद्रव, मूर्तितमत, स्वाङ्ग, प्राणिस्थ, अविकारज, अतत्स्थ, तथायुत, अतिकेशी, चन्द्रमुखी, उपसर्जन आदि।

प्रस्तावना

प्रकृत सूत्र असंयोगोपध जो उपसर्जनसंज्ञक/उपसर्जन=गौण व स्वाङ्गवाची शब्द, तदन्त, अदन्त प्रातिपदिक से पर स्त्रीत्व की विवक्षा में विकल्प से 'ङीष्' प्रत्यय करता है। इस सूत्र के अध्ययन से स्वाङ्ग पद का उदाहरण, प्रत्युदाहरण सहित सम्पूर्ण ज्ञान होता है। प्रसिद्ध प्रयोग चन्द्रमुखी के ज्ञान के साथ चन्द्रमुखी का वैकल्पिक रूप चन्द्रमुखा का भी ज्ञान होता है।

सूत्र

(विधि सूत्र) स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्– 4/1/54

विभक्ति, वचन–निर्देश

स्वाङ्गात्– 5/1, च– अव्यय पद, उपसर्जनात्– 5/1, असंयोगोपधात्– 5/1।

सन्धि–विच्छेद

स्वाङ्गाच्च= स्वाङ्गात्+च ("स्तोः श्चुना श्चुः"[1]– त्<च)। चोपसर्जनात्= च+उपसर्जनात् ("आद्गुणः"[2]– अ+उ<ओ)। उपसर्जनादसंयोगोपधात्= उपसर्जनात्+असंयोगोपधात् ("झलां जशोऽन्ते"[3]– त्<द्)। असंयोगोपधात्= असंयोग+उपधात् ("आद्गुणः"– अ+उ<ओ)।

समास

संयोग उपधायां यस्य स संयोगोपधः (बहुव्रीहि समास)। न संयोगोपध इति असंयोगोपधः (नञ्तत्पुरुष समास), तस्मात् असंयोगोपधात्।

अधिकार

प्रत्ययः[4]– 3/1/1– प्रत्ययः। परश्च[5]– 3/1/2– परश्च। ङ्याप्प्रातिपदिकात्[6]– 4/1/1– प्रातिपदिकात्। स्त्रियाम्[7]– 4/1/3– स्त्रियाम्।

अनुवृत्ति

अजाद्यतष्टाप्[8]– 4/1/4– अतः। अन्यतो ङीष्[9]– 4/1/40– ङीष्। अस्वाङ्गपूर्वपदाद्वा[10]– 4/1/53– वा।

नोट

'असंयोगोपधात्' और 'उपसर्जनात्' ये दोनों पद 'स्वाङ्गात्' में अन्वित होते हैं। 'स्वाङ्गात्' एवं 'अतः' ये दोनों 'प्रातिपदिकात्' के विशेषण हैं, अतः इनसे "येन विधिस्तदन्तस्य"[11] परिभाषा सूत्र से तदन्तविधि हो जाती है।

वृत्ति

असंयोगोपधम् उपसर्जनं यत् स्वाङ्गं तदन्ताद् अदन्ताद् ङीष् वा स्यात् (स्त्रियाम्)। केशान् अतिक्रान्ता अतिकेशी, अतिकेशा। चन्द्रमुखी, चन्द्रमुखा। असंयोगोपधात् किम्? सुगुल्फा। उपसर्जनात् किम्? शिखा।

Scanned with CamScanner

अर्थ

असंयोगोपध (जिसकी उपधा में कोई संयोग न हो, ऐसे जो), उपसर्जनसंज्ञक/उपसर्जन=गौण व स्वाङ्गवाची शब्द, तदन्त, अदन्त प्रातिपदिक से पर स्त्रीत्व की विवक्षा में विकल्प से 'ङीष्' प्रत्यय होता है।

विशेष

सूत्र में पठित 'स्वाङ्ग' पद का 'अपना अङ्ग' अर्थ नहीं समझना चाहिए। व्याकरण में यह एक पारिभाषिक शब्द है। वैयाकरणों ने इनको तीन प्रकार से परिभाषित किया है, जो इस प्रकार हैं–

अद्रवं मूर्तिमत् स्वाङ्गं प्राणिस्थमविकारजम्[1]

जो पदार्थ द्रव (तरल) न हो, मूर्तिमान् (दृश्य) हो, विकार से उत्पन्न न हो तथा प्राणियों में स्थित रहता हो, वह 'स्वाङ्ग' कहलाता है। जैसे– प्राणी में स्थित केश, मुख, स्तन आदि। इन केशादिशब्दान्त अदन्त प्रातिपदिक से वैकल्पिक 'ङीष्' प्रत्यय होकर क्रमशः सुकेशी/सुकेशा, चन्द्रमुखी/चन्द्रमुखा, पीनस्तनी/पीनस्तना आदि रूप सम्पन्न होते हैं।

प्रत्युदाहरण

1. सुकफा (बहुत कफ वाली), सुस्वेदा (बहुत पसीने वाली) में 'स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्' सूत्र से वैकल्पिक 'ङीष्' प्रत्यय न होकर अदन्तलक्षण वाला 'अजाद्यतष्टाप्' सूत्र से 'टाप्' प्रत्यय होता है। कारण कि कफ तथा स्वेद मूर्तिमान् (दृश्य), अविकारज तथा प्राणिस्थ होते हुए भी द्रव (तरल) पदार्थ होने से स्वाङ्गवाची नहीं है।
2. शोभनं ज्ञानं यस्याः सा सुज्ञाना (श्रेष्ठ ज्ञान वाली) में भी 'स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्' सूत्र से वैकल्पिक 'ङीष्' प्रत्यय न होकर अदन्तलक्षण वाला 'अजाद्यतष्टाप्' सूत्र से 'टाप्' प्रत्यय होता है। कारण कि 'ज्ञान' अद्रव (अतरल) पदार्थ, अविकारज तथा प्राणिस्थ होते हुए भी मूर्तिमान् (दृश्य) न होने से स्वाङ्गवाची नहीं है।
3. सुन्दरं मुखं यस्याः शालायाः सा सुमुखा शाला (सुन्दर द्वार वाला घर) में भी 'स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्' सूत्र से वैकल्पिक 'ङीष्' प्रत्यय न होकर अदन्तलक्षण वाला 'अजाद्यतष्टाप्' सूत्र से 'टाप्' प्रत्यय होता है। कारण कि यहाँ 'मुख' अद्रव (अतरल) पदार्थ, अविकारज तथा मूर्तिमान् (दृश्य) होते हुए भी प्राणिस्थ न होने से स्वाङ्गवाची नहीं है।
4. सुशोफा (बहुत सूजन वाली स्त्री) में भी 'स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्' सूत्र से वैकल्पिक 'ङीष्' प्रत्यय न होकर अदन्तलक्षण वाला 'अजाद्यतष्टाप्' सूत्र से 'टाप्' प्रत्यय होता है। कारण कि 'शोफ' (शोथ, सूजन) अद्रव (अतरल) पदार्थ, मूर्तिमान् (दृश्य) तथा प्राणिस्थ होते हुए भी विकारज अर्थात् शारीरिक विकार रूप रोग से उत्पन्न होने से स्वाङ्गवाची नहीं है।

अतत्स्थं तत्र दृष्टं च[2]

प्राणियों के वे अंग जो अब प्राणियों में स्थित नहीं हैं, परन्तु पहले उनमें देखे गये हों, वे भी 'स्वाङ्ग' कहलाते हैं। जैसे– सुकेशी सुकेशा वा रथ्या (सुन्दर केशों वाली गली)। यहाँ केश अब प्राणियों में स्थित नहीं है, परन्तु वे प्राणियों के ही अंग थे, इसलिए 'स्वाङ्ग' कहे जाते हैं, अतः तदन्त अदन्त 'सुकेश' प्रातिपदिक से पर वैकल्पिक 'ङीष्' प्रत्यय होता है।

तेन चेत्तत्तथायुतम्[3]

जिस प्रकार कोई अंग प्राणी में स्थित होता है, उसी प्रकार यदि अन्यत्र किसी मूर्ति आदि में स्थित होता है, तो वह अंग भी 'स्वाङ्ग' कहलाता है। जैसे– सुस्तनी सुस्तना वा प्रतिमा (सुन्दर स्तनों वाली मूर्ति) यहाँ स्तन प्राणियों की तरह प्रतिमा में भी हैं, इसलिए ये भी 'स्वाङ्ग' कहे जाते हैं। अतः तदन्त अदन्त 'सुस्तन' प्रातिपदिक से पर वैकल्पिक 'ङीष्' प्रत्यय होता है।

1. न विद्यते द्रवो द्रवत्वं (तरलता) यस्मिंस्तद् अद्रवम्। मूर्तिः=अवयवसंयोगोऽस्यास्तीति मूर्तिमत्। प्राणिषु=जन्तुषु विद्यमानं प्राणिस्थम्। अविकारजम्=रोगादिविकाराऽजन्यं च यत् तत् प्रथमं स्वाङ्गमित्यर्थः।
2. तच्छब्देन प्राणी परामृश्यते। अतत्स्थं=अप्राणिस्थम्, तत्र=प्राणिनि दृष्टं यत् तदपि स्वाङ्गमित्यर्थः।
3. तेन चेत्तत्तथायुतमिति तृतीयं स्वाङ्गलक्षणमिति बोध्यम्। अत्र भाष्ये 'स्वाङ्गमप्राणिनोऽपि' इति शेषः पूरितः। तेन=प्राणिस्थेन स्तनाद्यङ्गाकृतिकावयवविशेषेण तत्=अप्राणिद्रव्यं प्रतिमादि तथा=प्राणिद्रव्यवद् युतं=सम्बद्धं चेद् भवति तदा तत्=स्तनाद्यङ्गाकृतिकम् अप्राणिनोऽपि स्वाङ्गमित्यर्थः। (बालमनोरमायाम्)

आचार्य हेमचन्द्र ने अपने 'शब्दानुशासन' में इन तीनों लक्षणों को एक साथ बहुत सुन्दर ढंग से पद्यबद्ध किया है, जो इस प्रकार है–

"अविकारोऽद्रवं मूर्तं प्राणिस्थं स्वाङ्गमुच्यते।
च्युतं च प्राणिनस्तत्तद् निभं च प्रतिमादिषु।।"

(बृहद्–हैमवृत्ति, 2/4/38)

अतिकेशी– केशान् अतिक्रान्ता अतिकेशी=लम्बे केशों वाली स्त्री आदि अथवा केशों को जो लाङ्घ चुकी है अर्थात् केशों से अधिक लम्बी माला आदि।

केश शस्+अति "अत्यादयः क्रान्ताद्यर्थे द्वितीयया" वार्तिक से 'केश शस्' द्वितीयान्त समर्थ सुँबन्त के साथ क्रान्तादि अर्थों के अन्तर्गत 'अतिक्रान्त' (पार कर चुका) अर्थ में विद्यमान 'अति' शब्द का प्रादि–समास हुआ।

केश शस्+अति "कृत्तद्धितसमासाश्च"[12] सूत्र द्वारा प्रादि–समाससंज्ञक 'केश शस्+अति' की 'प्रातिपदिक' संज्ञा हुई।

केश शस्+अति "सुँपो धातुप्रातिपदिकयोः"[13] सूत्र से 'केश शस्+अति' प्रातिपदिक के अवयवभूत 'शस्' सुँप् प्रत्यय का लुक् (अदर्शन) हुआ।

केश+अति "एकविभक्ति चाऽपूर्वनिपाते"[14] सूत्र द्वारा विग्रह में नियत=निश्चित विभक्ति द्वितीया विभक्ति में रहने वाला 'केश' शब्द की 'उपसर्जन' संज्ञा हुई।

केश+अति "प्रथमानिर्दिष्टं समास उपसर्जनम्"[15] सूत्र से समासविधायक शास्त्र "अत्यादयः क्रान्ताद्यर्थे द्वितीयया" में प्रथमाविभक्ति से निर्दिष्ट=उच्चरित

Scanned with CamScanner

P: ISSN NO.: 2394-0344 RNI No.UPBIL/2016/67980 VOL-3* ISSUE-7* (Part-1) October- 2018
E: ISSN NO.: 2455-0817 Remarking An Analisation

पदबोध्य 'अतिक्रान्त' अर्थ का वाचक 'अति' शब्द की उपसर्जन संज्ञा हुई।

अति+केश "उपसर्जनं पूर्वम्"[16] सूत्र से उपसर्जनसंज्ञक 'अति' शब्द का पूर्व में प्रयोग हुआ।

अतिकेश सम्मेलन

अतिकेश+ङीष् 'एकदेशविकृतमनन्यवत्' परिभाषा के अनुसार 'अतिकेश' शब्द की प्रातिपदिक संज्ञा अक्षुण्ण रहने से "स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्" सूत्र से असंयोगोपध (जिसकी उपधा में संयुक्त वर्ण नहीं है, ऐसे), उपसर्जनसंज्ञक, स्वाङ्गवाची शब्द है– केश, तदन्त (वह केश शब्द है, अन्त में जिसके, ऐसे), अदन्त 'अतिकेश' प्रातिपदिक से पर स्त्रीत्व की विवक्षा में विकल्प से 'ङीष्'[0] प्रत्यय हुआ।

अतिकेश+ङीष् "हलन्त्यम्"[17] सूत्र से उपदेश अवस्था 'ङीष्' प्रत्यय में अन्त्य हल् 'ष्' की तथा "लशक्वतद्धिते"[18] सूत्र से तद्धितभिन्न 'ङीष्' प्रत्यय के आदि में स्थित कवर्ग– 'ङ्' की इत्संज्ञा और "तस्य लोपः"[19] सूत्र से इत्संज्ञक 'ष्' एवं 'ङ्' वर्णों का लोप हुआ।

अतिकेश+ई यस्मात्प्रत्ययविधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम्"[20] सूत्र से 'अतिकेश' शब्द से किये गये ङीष् (ई) प्रत्यय पर रहते, व्यपदेशिवद्भाव से 'अतिकेश' है आदि में 'अतिकेश' शब्दस्वरूप के तथा प्रकृति सहित वह शब्दस्वरूप भी 'अतिकेश' है, अतः 'अतिकेश' शब्दस्वरूप की 'अंग' संज्ञा हुई।

अतिकेश+ई "यचि भम्"[21] सूत्र से सर्वनामस्थानसंज्ञक से भिन्न 'सुँ' से लेकर 'कप्' प्रत्यय पर्यन्त के मध्य पठित व्यपदेशिवद्भाव से अजादि 'ई' (ङीष्) प्रत्यय परे रहते, पूर्व 'अतिकेश' शब्दसमुदाय की 'भ' संज्ञा हुई।

अतिकेश्+ई "अलोऽन्त्यस्य"[22] परिभाषा सूत्र की सहायता से "यस्येति च"[23] सूत्र से भसंज्ञक अंग 'अतिकेश' में अन्त्य अल् शकारोत्तर (श्+अ) अवर्ण (अ) का लोप हुआ, ईकार (ङीष्) पर रहते।

अतिकेशी वर्णसम्मेलन।

अतिकेशी+सुँ "ङ्याप्प्रातिपदिकात्", "प्रत्ययः", "परश्च" इन तीनों अधिकार सूत्रों के अन्तर्गत पठित "स्वौजसमौट्छष्टाभ्याम्भिस्ङेभ्याम्भ्यस्ङसिभ्याम्भ्यस्ङसोसांङ्योस्सुप्"[24] सूत्र से ङयन्त 'अतिकेशी' शब्द से पर एकत्व की विवक्षा में प्रथमा विभक्ति का एकवचनसंज्ञक 'सुँ' प्रत्यय हुआ।

अतिकेशी+सुँ (स्+उँ) "उपदेशेऽजनुनासिक इत्"[25] सूत्र से उपदेश अवस्था 'सुँ=स्+उँ' में अनुनासिक अच् 'उँ' की इत्संज्ञा एवं इत्संज्ञक 'उँ' का "तस्य लोपः" से लोप।

अतिकेशी+स् "यस्मात्प्रत्ययविधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम्" सूत्र द्वारा 'अतिकेशी' शब्द से किये गये 'सुँ' (स्) प्रत्यय पर रहते, व्यपदेशिवद्भाव से 'अतिकेशी' है, आदि में 'अतिकेशी' शब्दस्वरूप के तथा प्रकृति सहित वह शब्दस्वरूप भी 'अतिकेशी' है, अतः 'अतिकेशी' शब्दस्वरूप की 'अंग' संज्ञा हुई।

अतिकेश+स् "अपृक्त एकाल् प्रत्ययः"[26] सूत्र से एक अल् वाला 'स्' (सुँ) प्रत्यय की 'अपृक्त' संज्ञा हुई।

अतिकेशी+स् "हल्ङ्याब्भ्यो दीर्घात्सुँतिस्यपृक्तं हल्"[27] सूत्र से ङयन्त अंग 'अतिकेशी' से परे स्थित 'सुँ' सम्बन्धी अपृक्तसंज्ञक हल् 'स्' का लोप हुआ।

अतिकेशी रूप सम्पन्न हुआ।

0'अतिकेश' में तत्पुरुष समास है और तत्पुरुषसमास में "परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः"[28] सूत्र के अनुसार परवल्लिङ्गता (उत्तर पद के समान लिङ्ग) होती है, परन्तु यहाँ गति–समास होने के कारण प्राप्त परवल्लिङ्गता का "द्विगु–प्राप्ताऽऽपन्नाऽलम्पूर्व–गतिसमासेषु प्रतिषेधो वाच्यः" वार्त्तिक से निषेध होकर विशेष्य के अनुसार लिङ्ग होता है, अतः स्त्रीत्व की विवक्षा में विकल्प से 'ङीष्' प्रत्यय होता है।

विशेष ध्यातव्य

1. 'प्र' आदि की 'गति' संज्ञा होने से प्रादि–समास, गति–समास के अन्तर्गत ही समाहित हो जाता है।
2. "प्रथमानिर्दिष्टं समास उपसर्जनम्" सूत्र से 'उपसर्जन' संज्ञा करने का फल "उपसर्जनं पूर्वम्" सूत्र से उपसर्जन–संज्ञक का पूर्व में प्रयोग करना है तथा "एकविभक्ति चाऽपूर्वनिपाते" सूत्र से 'उपसर्जन' संज्ञा करने का फल पूर्व प्रयोग से भिन्न 'ह्रस्व' आदि करना है।

नोट

"स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्" सूत्र से असंयोगोपध (जिसकी उपधा में संयुक्त वर्ण नहीं है, ऐसे), उपसर्जनसंज्ञक, स्वाङ्गवाची जो 'केश' शब्द है, तदन्त, अदन्त 'अतिकेश' प्रातिपदिक से पर स्त्रीत्व की विवक्षा में विकल्प से 'ङीष्' प्रत्यय होता है, अतः जिस पक्ष में 'ङीष्' प्रत्यय नहीं होता है, उस पक्ष में अदन्तलक्षण वाला "अजाद्यतष्टाप्" सूत्र से 'टाप्' प्रत्यय, 'टाप्' में अनुबन्धलोप, सवर्णदीर्घ, 'सुँ' प्रत्यय, 'सुँ' प्रत्यय में अनुबन्धलोप, 'स्' की अपृक्त संज्ञा व अपृक्तसंज्ञक हल् 'स्' का लोप होकर 'अतिकेशा' रूप सम्पन्न होता है।

चन्द्रमुखी

चन्द्र इव मुखं यस्याः सा चन्द्रमुखी=चन्द्रमा के समान सुन्दर मुखवाली स्त्री।

चन्द्र सुँ+मुख सुँ "अनेकमन्यपदार्थे"[29] सूत्र से अन्यपद के अर्थ में विद्यमान 'चन्द्र सुँ' समर्थ सुँबन्त का 'मुख सुँ' समर्थ सुँबन्त के साथ बहुव्रीहि समास हुआ।

चन्द्र सुँ+मुख सुँ "कृत्तद्धितसमासाश्च" सूत्र से बहुव्रीहि–समाससंज्ञक 'चन्द्र सुँ+मुख सुँ' की प्रातिपपदिक संज्ञा हुई।

चन्द्र सुँ+मुख सुँ "सुँपो धातुप्रातिपदिकयोः" सूत्र से 'चन्द्र सुँ+मुख सुँ' प्रातिपदिक के अवयवभूत दोनों 'सुँ' सुँप् प्रत्ययों का लुक् (अदर्शन) हुआ।

चन्द्रमुख सम्मेलन।

चन्द्रमुख सर्वोपसर्जनो बहुव्रीहिः (बहुव्रीहि समास के सभी पद उपसर्जन=गौण होते हैं।)' वचन के अनुसार 'मुख' शब्द उपसर्जन है।

चन्द्रमुख+ङीष् "एकदेशविकृतमनन्यवत्" परिभाषा के अनुसार 'चन्द्रमुख' शब्द की प्रातिपदिक संज्ञा अक्षुण्ण रहने से "स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्" सूत्र से असंयोगोपध (जिसकी उपधा में संयुक्त वर्ण न हो, ऐसे),

Scanned with CamScanner

उपसर्जन, स्वाङ्गवाची शब्द है– मुख, तदन्त (वह 'मुख' शब्द है, अन्त में जिसके, ऐसे), अदन्त 'चन्द्रमुख' प्रातिपदिक से पर स्त्रीत्व की विवक्षा में विकल्प से 'ङीष्' प्रत्यय हुआ।

चन्द्रमुख+ङीष् "हलन्त्यम्" सूत्र से उपदेश अवस्था में 'ङीष्' प्रत्यय के अन्त्य हल् 'ष्' की तथा "लशक्वतद्धिते" सूत्र से तद्धितभिन्न 'ङीष्' प्रत्यय के आदि में स्थित कवर्ग– 'ङ्' की इत्संज्ञा और "तस्य लोपः" सूत्र से 'ष्' एवं 'ङ्' इत्संज्ञक वर्णों का लोप हुआ।

चन्द्रमुख+ई यस्मात्प्रत्ययविधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम्" सूत्र से 'चन्द्रमुख' शब्द से किये गये 'ङीष्' (ई) प्रत्यय पर रहते, व्यपदेशिवद्भाव से 'चन्द्रमुख' है, आदि में 'चन्द्रमुख' शब्दस्वरूप के तथा प्रकृति सहित वह शब्दस्वरूप भी 'चन्द्रमुख' है, अतः 'चन्द्रमुख' शब्दस्वरूप की 'अंग' संज्ञा हुई।

चन्द्रमुख+ई "यचि भम्" सूत्र से सर्वनामस्थानसंज्ञक से भिन्न 'सुँ' से लेकर 'कप्' प्रत्यय पर्यन्त के मध्य पठित व्यपदेशिवद्भाव से अजादि 'ई' (ङीष्) प्रत्यय परे रहते, पूर्व 'चन्द्रमुख' शब्दसमुदाय की 'भ' संज्ञा हुई।

चन्द्रमुख्+ई "अलोऽन्त्यस्य" परिभाषा सूत्र की सहायता से "यस्येति च" सूत्र से भसंज्ञक अंग 'चन्द्रमुख' में अन्त्य अल् खकारोत्तर (ख्+अ) अवर्ण (अ) का लोप हुआ, ईकार (ङीष्) पर रहते।

चन्द्रमुखी वर्णसम्मेलन।

चन्द्रमुख+सुँ "ङ्याप्प्रातिपदिकात्", "प्रत्ययः", "परश्च" इन तीनों अधिकार सूत्रों के अन्तर्गत पठित "स्वौजसमौट्छष्टाभ्याम्भिस्ङेभ्याम्भ्यस्ङसिभ्याम्भ्यस्ङसो –सांङ्योस्सुप्" सूत्र से ङ्यन्त 'चन्द्रमुखी' शब्द से पर एकत्व की विवक्षा में प्रथमा विभक्ति का एकवचनसंज्ञक 'सुँ' प्रत्यय हुआ।

चन्द्रमुख+सुँ "उपदेशेऽजनुनासिक इत्" सूत्र से उपदेश अवस्था 'सुँ=स्+उँ' में अनुनासिक अच् 'उँ' की इत्संज्ञा एवं इत्संज्ञक 'उँ' का "तस्य लोपः" से लोप।

चन्द्रमुख+सुँ "यस्मात्प्रत्ययविधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम्" सूत्र द्वारा 'चन्द्रमुखी' शब्द से किये गये 'सुँ' (स्) प्रत्यय पर रहते, व्यपदेशिवद्भाव से 'चन्द्रमुखी' है, आदि में 'चन्द्रमुखी' शब्दस्वरूप के तथा प्रकृति सहित वह शब्दस्वरूप भी 'चन्द्रमुखी' है, अतः 'चन्द्रमुखी' शब्दस्वरूप की 'अंग' संज्ञा हुई।

चन्द्रमुखी+स् "अपृक्त एकाल् प्रत्ययः" सूत्र से एक अल् वाला 'स्' (सुँ) प्रत्यय की 'अपृक्त' संज्ञा हुई।

चन्द्रमुखी+स "हल्ङ्याब्भ्यो दीर्घात्सुँतिस्यपृक्तं हल्" सूत्र से ङ्यन्त अंग 'चन्द्रमुखी' से परे स्थित 'सुँ' सम्बन्धी अपृक्तसंज्ञक हल् 'स्' का लोप हुआ।

चन्द्रमुखी रूप सम्पन्न हुआ।

1. बहुव्रीहि समास में अन्यपदार्थ की प्रधानता होने से बहुव्रीहि समास के सभी समस्यमान पद उपसर्जन अर्थात् गौण होते हैं।

नोट

"स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्" सूत्र से असंयोगोपध (जिसकी उपधा में संयुक्त वर्ण नहीं है, ऐसे), उपसर्जनसंज्ञक, स्वाङ्गवाची जो 'मुख' शब्द है, तदन्त, अदन्त 'चन्द्रमुख' प्रातिपदिक से पर स्त्रीत्व की विवक्षा में विकल्प से 'ङीष्' प्रत्यय होता है, अतः जिस पक्ष में 'ङीष्' प्रत्यय नहीं होता है, उस पक्ष में अदन्त लक्षण वाला "अजाद्यतष्टाप्" सूत्र से 'टाप्' प्रत्यय, 'टाप्' में अनुबन्धलोप, सवर्णदीर्घ, 'सुँ' प्रत्यय, 'सुँ' प्रत्यय में अनुबन्धलोप, 'स्' की अपृक्त संज्ञा व अपृक्तसंज्ञक हल् 'स्' का लोप होकर 'चन्द्रमुखा' रूप सम्पन्न होता है।

प्रत्युदाहरण–

1. असंयोगोपधात् किम्? सुगुल्का– प्रकृत सूत्र में 'असंयोगोपधात्' पद का ग्रहण होने के कारण स्वाङ्गवाची, उपसर्जनसंज्ञक शब्द की उपधा में संयोग होने पर उस तदन्त, अदन्त प्रातिपदिक से पर 'ङीष्' प्रत्यय नहीं होता, अपितु अदन्तलक्षण वाला "अजाद्यतष्टाप्" सूत्र से 'टाप्' प्रत्यय होता है। जैसे– 'शोभनौ गुल्फौ यस्याः सा सुगुल्का' (सुन्दर गुल्फों=गिट्टों वाली)। 'सु गुल्फ+औ' इस अलौकिक विग्रह में "अनेकमन्यपदार्थे" सूत्र से बहुव्रीहिसमास, प्रातिपदिक संज्ञा व सुँब्लुक् होकर 'सुगुल्फ' प्रातिपदिक सम्पन्न होता है। यहाँ 'गुल्फ' इस स्वाङ्गवाची, उपसर्जनसंज्ञक शब्द की उपधा में 'ल्फ' का संयोग विद्यमान है, इसलिए प्रकृत सूत्र से तदन्त, अदन्त प्रातिपदिक 'सुगुल्फ' से वैकल्पिक 'ङीष्' नहीं हुआ। ऐसी स्थिति में "अजाद्यतष्टाप्" से 'टाप्' प्रत्यय, 'टाप्' में अनुबन्धलोप, सवर्णदीर्घ, 'सुँ' प्रत्यय, 'सुँ' प्रत्यय में अनुबन्धलोप, 'स्' की अपृक्त संज्ञा व अपृक्तसंज्ञक हल् 'स्' का लोप होकर 'सुगुल्फा' रूप सम्पन्न होता है। इसी तरह सुपार्श्वा, सुवक्त्रा, सुहस्ता आदि में वैकल्पिक 'ङीष्' प्रत्यय का अभाव समझना चाहिए।
2. उपसर्जनात् किम्? शिखा– यदि असंयोगोपध, स्वाङ्गवाची शब्द उपसर्जनसंज्ञक नहीं होगा, तो भी प्रकृत सूत्र से विकल्प से 'ङीष्' प्रत्यय नहीं होता है। जैसे– 'शिखा' (चोटी)। यहाँ 'शीङ् स्वप्ने' धातु से "शीङो ह्रस्वश्च" उणादिसूत्र से 'ख' प्रत्यय तथा धातु को ह्रस्व होकर 'शिख' रूप सिद्ध होता है। इसकी उपसर्जन संज्ञा नहीं हुई है, अतः उपसर्जनसंज्ञक न होने के कारण व्यपदेशिवद्भाव से तदन्त, अदन्त प्रातिपदिक 'शिख' होने पर भी वैकल्पिक 'ङीष्' नहीं हुआ। तब अदन्तलक्षण वाला "अजाद्यतष्टाप्" सूत्र से 'टाप्' प्रत्यय, 'टाप्' में अनुबन्धलोप, सवर्णदीर्घ, 'सुँ' प्रत्यय, 'सुँ' प्रत्यय में अनुबन्धलोप, 'स्' की अपृक्त संज्ञा व अपृक्तसंज्ञक हल् 'स्' का लोप होकर 'शिखा' रूप सम्पन्न होता है।

नोट

कुछ लोग 'सुशिखा' पद को प्रत्युदाहरण मानते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि 'शोभना शिखा इति सुशिखा' यहाँ "कु–गति–प्रादयः"[30] सूत्र से प्रादि–तत्पुरुष–समास में प्रथमानिर्दिष्ट पदबोध्य होने के कारण 'सु' तो उपसर्जनसंज्ञक है, परन्तु 'शिखा' शब्द उपसर्जनसंज्ञक नहीं है, अतः इससे पर प्रकृत सूत्र से वैकल्पिक 'ङीष्' प्रत्यय नहीं होगा, परन्तु उन लोगों का यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि 'शिखा' शब्द अदन्त नहीं

Scanned with CamScanner

है अतः अदन्त न होने के कारण इससे विकल्प से 'ङीष्' प्रत्यय प्राप्त ही नहीं हो सकता है।

विशेष

यहाँ ध्यातव्य है कि "नासिकोदरौष्ठजङ्घादन्तकर्णशृङ्गाच्च" (4/1/55) सूत्र के अनुसार ओष्ठ, जङ्घा, दन्त, कर्ण और शृङ्ग इन पाँच संयोगोपधों के अन्त में आने पर निषेध की प्रवृत्ति नहीं होती है, अपितु विकल्प से 'ङीष्' प्रत्यय हो जाता है। जैसे– बिम्बौष्ठी/बिम्बौष्ठा, दीर्घजङ्घी/दीर्घजङ्घा, समदन्ती/समदन्ता, चारुकर्णी/चारुकर्णा, तीक्ष्णशृङ्गी/तीक्ष्णशृङ्गा।

"नासिकोदरौष्ठजङ्घादन्तकर्णशृङ्गाच्च" सूत्र में 'च' पद का ग्रहण होने के कारण अङ्ग, गात्र, कण्ठ और पुच्छ इन चार संयोगोपध पदों का भी ग्रहण हो जाता है, जिससे प्रकृत सूत्र से अङ्गादिशब्दान्त प्रातिपदिक से विकल्प से 'ङीष्' प्रत्यय हो जाता है। जैसे– मृद्वङ्गी/मृद्वङ्गा, तनुगात्री/तनुगात्रा, स्निग्धकण्ठी/स्निग्धकण्ठा, कल्याणपुच्छी/कल्याणपुच्छा।

अध्ययन का उद्देश्य

प्रस्तुत शोध लेख का उद्देश्य यह है कि "स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्" सूत्र से सम्बद्ध विभक्ति, वचन–निर्देश, सूत्रगत सन्धि–विच्छेद, समास, विशेष, अधिकार का ज्ञान तथा सूत्र के अर्थ का तात्त्विक ज्ञान के साथ–साथ सूत्र में आने वाले 'स्वाङ्ग' शब्द का पारिभाषिक अर्थ, उदाहरण, प्रत्युदाहरण का ज्ञान साथ ही सूत्र के उदाहरण, प्रत्युदाहरण, सूत्र से सम्बद्ध अपवाद सूत्र, अपवाद सूत्रों का उदाहरण व विभिन्न कठिन शब्दों के व्युत्तिपरक अर्थ का तत्त्वतः ज्ञान होगा। उदाहरणों में प्रकृत सूत्र की प्रवृत्ति तथा प्रत्युदाहरणों में अप्रवृत्ति का स्पष्ट रूप से ज्ञान होगा।

निष्कर्ष

प्रस्तुत शोध लेख का निष्कर्ष इस रूप में कहा जा सकता है कि सूत्र व सूत्रार्थ का तथ्यात्मक ज्ञान, पारिभाषिक शब्दों का सोदाहरण ज्ञान, उदाहरणों में सूत्रों की प्रवृत्ति तथा प्रत्युदाहरणों में अप्रवृत्ति का स्पष्ट रूप से ज्ञान होने के पश्चात् जनसामान्य तथा विशेष रूप से संस्कृत विषय में भी व्याकरणेतर छात्र–छात्राओं का संस्कृ–त व्याकरण शास्त्र के प्रति रुचि उत्पन्न होगी। साथ ही व्याकरण शास्त्र की सुस्पष्टता, तार्किकता, वैज्ञानिकता के ज्ञान के साथ 'व्याकरण शास्त्र कठिन शास्त्र है' इस प्रकार का भ्रमात्मक संदेह दूर होगा।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची

1. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 8/4/40*
2. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 6/1/87*
3. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 8/2/39*
4. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 3/1/1*
5. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 3/1/2*
6. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 4/1/1*
7. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 4/1/3*
8. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 4/1/4*
9. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 4/1/40*
10. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 4/1/53*
11. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 1/1/27*
12. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 1/2/46*
13. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 2/4/71*
14. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 1/2/44*
15. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 1/2/43*
16. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 2/2/30*
17. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 1/3/3*
18. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 1/3/8*
19. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 1/3/9*
20. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 1/4/13*
21. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 1/4/18*
22. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 1/1/52*
23. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 6/4/148*
24. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 4/1/2*
25. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 1/3/2*
26. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 1/2/41*
27. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 6/1/68*
28. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 2/4/26*
29. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 2/2/24*
30. *पाणिनि अष्टाध्यायी सूत्रपाठ– 2/2/18*

Scanned with CamScanner

ISSN (P) : 2321-290X • (E) : 2349-980X
Vol 5 • Issue-2 • Oct, 2017

Srinkhla Ek Shodhparak Vaicharik Patrika

Indexed with Google Scholar

Impact Factor
SJIF = 5.689
GIF = 0.543
IIJIF = 6.038

UGC Listed Journal

The Research Series

Shrinkhala
शृंखला

A Multi-Disciplinary International Journal

Scanned with CamScanner

P: ISSN NO.: 2321-290X
E: ISSN NO.: 2349-980X
RNI : UPBIL/2013/55327
VOL-5* ISSUE-2* October- 2017
Shrinkhla Ek Shodhparak Vaicharik Patrika

Contents

S. No.	Particulars	Page No.
1	**Impact of Demonetization on Indian Economy** Anu, Lucknow	01-06
2	**Economic Recession-(2008 to 2010) Its Impacts on Indian Economy** Pradeep Kumar Garg & Mayank Mohan, Modinagar, Uttar Pradesh	07-10
3	**Threats to One Horned Rhino at Kaziranga National Park, Assam** Mainu Devi, Assam	11-13
4	**Group Discussion: Strategies and Dynamics** Prabha Pant, Pantnagar	14-16
5	**Relevance of United Nations in Post Cold War Era** Krishan Kumar, Khanpur Kalan, Sonipat	17-21
6	**An Examination of Modern Western Empiricism** Manoj Kumar, Srinagar, Garhwal, Uttarakhand	22-26
7	**Role of Urbanization in Rural Development - A Geographical Study of Meerut District** Suresh Kumar, Baraut, Baghpat, U. P.	27-31
8	**Effects of Globalization on Family Relationship: A Case Study of Lucknow City** Vineeta Singh, Lucknow, U.P.	32-37
9	बालिका भ्रूण वध और असन्तुलित सामाजिक व्यवस्था अरविन्द कुमार वर्मा, सीकर, राजस्थान	38-43
10	बस्ती नगर की शैक्षणिक सेवाएँ एवं साक्षरता स्तर (दूर संवेदन तकनीक एवं भौगोलिक सूचना तंत्र (GIS) पर आधारित भौगोलिक विश्लेषण) अनुपमा त्रिपाठी, गोरखपुर	44-52
11	लोकतांत्रिक समाज की मूल समस्या, नियंत्रण का विस्तार एवं प्रभावी नियंत्रण संतोष कुमार राय, मुसाफिरखाना, अमेठी	53-58
12	आदिवासी एवं गैर आदिवासी विद्यार्थियों की सृजनात्मकता का तुलनात्मक अध्ययन रेखा सालवी, उदयपुर, राजस्थान	59-61
13	राष्ट्रीय स्तर पर महिला नेतृत्व– एक अवलोकन विपिन कुमारी, करनाल	62-66
14	यम–संज्ञकायोगवाह–निरूपण और ञ–वर्णोच्चारणगत–रहस्यानावरण विक्रम जीत, बीकानेर, राजस्थान	67-70
15	"स्य–सिँच्–सीयुँट्–तासिँषु भावकर्मणोरुपदेशेऽज्झन–ग्रह– दृशां वा चिण्वदिट् च" सूत्रार्थ–विचार विनोद कुमार झा, वैरावल, गुजरात	71-75

Scanned with CamScanner

P: ISSN NO.: 2321-290X RNI : UPBIL/2013/55327 VOL-5* ISSUE-2* October- 2017
E: ISSN NO.: 2349-980X **Shrinkhla Ek Shodhparak Vaicharik Patrika**

"स्य–सिँच्–सीयुँट्–तासिँषु भावकर्मणोरुपदेशेऽज्झन–ग्रह–दृशां वा चिण्वदिट् च" सूत्रार्थ–विचार

विनोद कुमार झा
अध्यक्ष,
व्याकरण विभाग,
श्री सोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी,
वेरावल, गुजरात

सारांश

भाव अथवा कर्म अर्थ गम्यमान हो, तो उपदेश अवस्था में जो अच् तदन्त धातुओं को तथा हन्, ग्रह् एवं दृश् धातुओं को विकल्प से चिण्वत् अङ्ग कार्य होते हैं, स्य, सिँच्, सीयुँट् अथवा तासिँ पर रहते, साथ ही चिण्वत् पक्ष में 'स्य' आदि को 'इट्' आगम भी होता है। 'सन्नियोगशिष्टानां सह वा प्रवृत्तिः सह वा निवृत्तिः' इस परिभाषा के बल से "स्य–सिँच्–सीयुँट्–तासिँषु भावकर्मणोरुपदेशेऽज्झन–ग्रह–दृशां वा चिण्वदिट् च" सूत्र से जिस पक्ष में 'चिण्वद्भाव' होता है, उसी पक्ष में 'इट्' आगम भी होता है। 'चिण्वद्भाव' से तात्पर्य है कि 'चिण्' परे रहते, जो–जो अङ्ग सम्बन्धी कार्य किये जाते हैं, वे सभी अङ्ग कार्य 'स्य' आदि प्रत्ययों के परे रहते भी हों। कारण कि चिणि इव चिण्वत् अर्थ में **"तत्र तस्येव"**[1] सूत्र से सप्तम्यन्त प्रातिपदिक 'चिण् ङि' से इव (सदृश) अर्थ में 'वतिँ' प्रत्यय हुआ है, अतः 'चिण्' पर रहते, जो यथायोग्य वृद्धि, युँक् का आगम, 'हन्' धातु के 'ह्' को घत्व और मितों को वैकल्पिक दीर्घ होते हैं, वे सभी कार्य यहाँ चिण्वद्भाव होने पर भी होते हैं। इन सभी कार्यों को सोदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रकृत सूत्र से सम्बद्ध अन्य सभी प्रासंगिक विषय–वस्तु को भी उदाहरण सहित विस्तार से प्रस्तुत शोध लेख में प्रस्तुत किया जायेगा।

मुख्य शब्द : चिण्वद्भाव, अंग–कार्य, सार्वधातुकसंज्ञा, आर्धधातुकसंज्ञा, सन्नियोगशिष्ट, प्रवृत्ति, सन्नन्त, आभीयकार्य, विघाती।

प्रस्तावना

"लः कर्मणि च भावे चाऽकर्मकेभ्यः" सूत्र में लकारों के तीन अर्थ बतायें गयें हैं– कर्त्ता, कर्म और भाव। सकर्मक धातुओं से लकार कर्त्ता एवं कर्म अर्थ में तथा अकर्मक धातुओं से लकार कर्त्ता एवं भाव अर्थ में होते हैं। कर्त्ता अर्थ में लकार होने पर कर्तृवाच्य होता है। कर्म तथा भाव अर्थ में लकार होने पर क्रमशः कर्मवाच्य व भावाच्य होता है। प्रकृत सूत्र से कर्मवाच्य व भावाच्य में बनने वाले रूपों के विषय में नियम किया जाता है। प्रकृत सूत्र विकल्प से चिण्वद्भाव तथा चिण्वद्भाव पक्ष में इडागम करता है।

सूत्र

753. (विधि सूत्र) स्य–सिँच्–सीयुँट्–तासिँषु भावकर्मणोरुपदेशेऽज्झन–ग्रह–दृशां वा चिण्वदिट् च– 6/4/62

विभक्ति, वचन–निर्देश

स्य–सिँच्–सीयुँट्–तासिँषु– 7/3, भावकर्मणोः– 7/2, उपदेशे– 7/1, अज्झन–ग्रह–दृशाम्– 6/3, वा– अव्यय पद, चिण्वत्– अव्यय पद, इट्– 1/1, च– अव्यय पद।

सन्धि–विच्छेद

भावकर्मणोरुपदेशे– भावकर्मणोस्[षष्ठ] +उपदेशे (**"ससजुषो रुँः"**[2]– स्<रुँ, **"उपदेशेऽजनुनासिक इत्"**[3] एवं **"तस्य लोपः"**[4]– रुँ<र्। उपदेशेऽच्– उपदेशे+अच् (**"एङः पदान्तादति"**[5]– ए+अ<ए)। अज्झन– अच्[षष्ठ]+हन (**"झलां जशोऽन्ते"**[6]– च्+ज्, **"झयो होऽन्यतरस्याम्"**[7]– ह्+झ्)। दृशां वा– दृशाम्[षष्ठ]+वा (**"मोऽनुस्वारः"**[8]– म्<ं)। चिण्वदिट्– चिण्वत्[षष्ठ]+इट् (**"झलां जशोऽन्ते"**– त्+द्)।

समास– स्यश्च सिँच्च सीयुँट् च तासिँश्च इति स्यसिँच्सीयुँट्तासयः (इतरेतरयोगद्वन्द्व समास), तेषु स्यसिँच्सीयुँट्तासिँषु। भावश्च कर्म च इति भावकर्मणी (इतरेतरयोगद्वन्द्व समास), तयोः भावकर्मणोः। अच् च हनश्च ग्रहश्च दृ–श् च अज्झनग्रहदृशः (इतरेतरयोगद्वन्द्व समास), तेषाम् अज्झनग्रहदृशाम्।

विशेष

चिणि इव चिण्वत्। (**"तत्र तस्येव"**– 5/1/115 सूत्र से सप्तम्यन्त प्रातिपदिक 'चिण्+ङि' से इव (सदृश) अर्थ में वतिँ प्रत्यय)

Scanned with CamScanner

P: ISSN NO.: 2321-290X RNI : UPBIL/2013/55327 VOL-5* ISSUE-2* October- 2017
E: ISSN NO.: 2349-980X **Shrinkhla Ek Shodhparak Vaicharik Patrika**

अधिकार– अङ्गस्य– 6/4/1– अङ्गस्य।

नोट

यहाँ 'अंग' का तात्पर्य 'धातु' से है।

वृत्ति

उपदेशे योऽच् तदन्तानां हनादीनां च णिणीव अङ्गकार्यं वा स्यात् स्यादिषु भावकर्मणोर्गम्यमानयोः, स्यादीनामिडागमश्च। चिण्वद्भावपक्षेऽयमिट्। चिण्वद्भावाद् वृद्धिः– भाविता, भविता। भाविष्यते, भविष्यते। भूयताम्। अभूयत। भूयेत। भाविषीष्ट, भविषीष्ट।

अर्थ

भाव अथवा कर्म अर्थ गम्यमान हो, तो उपदेश अवस्था में जो अच्, तदन्त धातुओं को तथा हन्, ग्रह् एवं दृश् धातुभ्यों को विकल्प से चिण्वत् अङ्ग कार्य होते हैं, स्य, सिँच्, सीयुँट् अथवा तासिँ पर रहते, साथ ही चिण्वत् पक्ष में 'स्य' आदि को 'इट्' आगम भी होता है।

नोट

'अच्' पद, 'अङ्गस्य' का विशेषण होने के कारण **"येन विधिस्तदन्तस्य"**[9] परिभाषा सूत्र से 'अच्' में तदन्तविधि होकर 'अजन्तानाम् अङ्गानाम्' ऐसा पद बन जाता है।

शंका

'भावि (णिजन्त धातु)+तास् त', 'भू+तास् त' आदि अवस्था में प्रकृत सूत्र से 'चिण्वद्भाव' व 'इट्' आगम तथा **"आर्धधातुकस्येड् वलादेः"**[10] सूत्र से 'इट्' आगम, दोनों की युगपत् प्राप्ति होती है, तो ऐसी स्थिति में **"विप्रतिषेधे परं कार्यम्"**[11] परिभाषा सूत्र के बल से परत्व के कारण वलादिलक्षण वाला 'इट्' आगम क्यों नहीं हो जाता है?

समाधान

ऐसा इसलिए नहीं होता है, क्योंकि वलादिलक्षण वाला 'इट्' आगम अनित्य और 'चिण्वद्भाव व इट्' नित्य होता है। जो कार्य विपक्ष के होने पर अथवा न होने पर दोनों ही स्थितियों में प्राप्त होता है, वह नित्य कहलाता है– **'कृताऽकृतप्रसङ्गी यो विधिः स नित्यः'**। यहाँ 'भावि (णिजन्त धातु)+तास् त', 'भू+तास् त' आदि अवस्था में वलादिलक्षण वाला 'इट्' आगम होने पर भी 'चिण्वद्भाव और इडागम' की प्राप्ति रहती ही है, परन्तु 'चिण्वद्भाव और इडागम' कर देने पर वलादि आर्धधातुक पर में न रहने से वलादिलक्षण वाला 'इट्' आगम की प्राप्ति नहीं हो सकती है, अतः 'चिण्वद्भाव और इडागम' कार्य नित्य हुआ और वलादिलक्षण वाला 'इट्' आगम अनित्य। नित्य एवं अनित्य कार्यों की युगपत् प्राप्ति होने पर हमेशा नित्य कार्य ही किया जाता है। इस प्रकार पहले 'चिण्वद्भाव और इडागम' हो जाते हैं और इसके अभाव पक्ष में वलादि आर्धधातुक को 'इट्' आगम होता है। जैसा कि महाभाष्यकार ने भी कहा है– **'इट् चाऽसिद्धस्तेन मे लुप्यते णिर्नित्यश्चायं वल्निमित्तो विधाती'** अर्थात् **अयम्**=चिण्वद्भाव के साथ होने वाला 'इट् आगम' **नित्यः**=नित्य है, इसलिये इसकी प्रवृत्ति में पर व अनित्य **वल्निमित्तः**=वलादिलक्षण वाला 'इट्' आगम **विघाती**=प्रवृत्ति के योग्य नहीं होता है।

विशेष

1. **'स्य–सिँच्–सीयुँट्–तासिँषु भावकर्मणोरुपदेशेऽज्झन–ग्रह–दृशां वा चिण्वदिट् च'** सूत्र **'आर्धधातुके'**[12] सूत्र के अधिकार में पढ़ा गया है, इसलिए आशीर्लिङ् के आर्धधातुकसंज्ञक 'सीयुँट्' का ही प्रकृत सूत्र में ग्रहण होता है, न कि विधिलिङ् के सार्वधातुकसंज्ञक 'सीयुँट्' का।
2. णिणि इव चिण्वत् अर्थ में **'तत्र तस्येव'** सूत्र से सप्तम्यन्त प्रातिपदिक 'णिच् ङि' से इव (सदृश) अर्थ में 'वतिँ' प्रत्यय हुआ है, अतः 'चिण्' पर रहते, जो यथायोग्य वृद्धि, युँक् का आगम, 'हन्' धातु के 'ह्' को घत्व और मितों को वैकल्पिक दीर्घ होते हैं, वे सभी कार्य यहाँ चिण्वद्भाव होने पर भी होते हैं।
3. यहाँ ध्यातव्य है कि **'सन्नियोगशिष्टानां सह वा प्रवृत्तिः सह वा निवृत्तिः'** इस परिभाषा के बल से **'स्य–सिँच्–सीयुँट्–तासिँषु भावकर्मणोरुपदेशेऽज्झन–ग्रह–दृशां वा चिण्वदिट् च'** सूत्र से जिस पक्ष में 'चिण्वद्भाव' होता है, उसी पक्ष में 'इट्' आगम भी होता है, परन्तु 'चिण्वद्भाव' अङ्ग को होता है और 'इट्' आगम 'स्य', 'सिँच्', 'सीयुँट्' एवं 'तासिँ' प्रत्ययों को होता है, क्योंकि महाभाष्य में कहा गया है कि– **'यावान् इण् नाम स सर्वं आर्धधातुकस्यैव भवति'** अर्थात् सभी प्रकार का 'इट्' आगम आर्धधातुक को ही होता है।
4. 'चिण्वद्भाव' से तात्पर्य है कि 'चिण्' परे रहते, जो–जो अङ्ग सम्बन्धी कार्य किये जाते हैं, वे सभी अङ्ग कार्य 'स्य' आदि प्रत्ययों के परे रहते भी हों। 'चिण्' णित् ('ण्' की इत्संज्ञा वाला) प्रत्यय है, अतः इसके परे रहते, निम्नलिखित चार अङ्गकार्य होते हैं। ये सभी कार्य भाववाच्य एवं कर्मवाच्य में 'स्य' आदि प्रत्ययों के परे रहते भी होते हैं–

क 'चिण्' परे रहते, **'अचो ञ्णिति'**[13] अथवा **'अत उपधायाः'**[14] सूत्र से णित् प्रत्यय निमित्तक वृद्धि होती है, यह कार्य भाववाच्य तथा कर्मवाच्य में 'चिण्वद्भाव' होने पर 'स्य' आदि प्रत्ययों के परे रहते भी किया जाता है। जैसे– भाविष्यते, ग्राहिष्यते आदि।

ख 'चिण्' प्रत्यय के परे रहते, **'आतो युँक् चिण्कृतोः'**[15] सूत्र से आदन्त धातुओं को 'युँक्' आगम होता है, वह कार्य भाववाच्य एवं कर्मवाच्य में 'स्य' आदि प्रत्ययों के परे रहते भी होता है। जैसे– दायिष्यते इत्यादि।

ग **'हो हन्तेर्ञ्णिन्नेषु'**[16] सूत्र से 'चिण्' णित् प्रत्यय परे रहते, 'हन्' धातु के 'ह्' के स्थान पर कुत्व 'घ्' आदेश होता है, यह कार्य भाव और कर्म अर्थ में 'स्य' आदि प्रत्ययों के परे होने पर भी होता है। जैसे– घानिष्यते आदि।

घ **'चिण्णमुलोर्दीर्घोऽन्यतरस्याम्'**[17] सूत्र से 'चिण्परक' अथवा 'णमुल्परक' 'णि' पर रहते, मित्संज्ञक अंग की उपधा को विकल्प से दीर्घ आदेश होता है, वह कार्य भाव एवं कर्म अर्थ में 'स्य' आदि प्रत्ययों के परे होने पर भी होता है। जैसे– शामिष्यते, शमिष्यते इत्यादि।

महाभाष्यकार ने 'चिण्वद्भाव' के उपर्युक्त चारों प्रयोजनों को 'शालिनी' छन्द के माध्यम से बड़े सुन्दर ढंग से प्रतिपादित किया है–

Scanned with CamScanner

"चिण्वद् वृद्धिर्युक् च हन्तेश्च घत्वं दीर्घश्चोक्तो यो मितां वा चिणीति।

इट् चाऽसिद्धस्तेन मे लुप्यते णिर्नित्यश्चायं वल्निमित्तो विधाती।।" (महाभाष्य, 6/4/62)

अर्थात् 'चिण्' प्रत्यय के परे रहते यथायोग्य जैसे– वृद्धि, युगागम, 'हन्' धातु के 'ह' को कुत्व 'घ' एवं मित्संज्ञकों को विकल्प से दीर्घादेश होते हैं, उसी प्रकार से 'चिण्वद्भाव' में भी समझना चाहिए। इस 'चिण्वद्भाव' के साथ विधीयमान 'इट्' आगम कृत (किया गया) आभीय होने से होने वाले दूसरे आभीय कार्य "णेरनिटि"[18] सूत्र से 'णिलोप' की दृष्टि में असिद्ध होता है, अतः वलादि आर्धधातुक मिल जाने से "णेरनिटि" सूत्र से 'णिच्' के 'इ' का लोप हो जाता है। यह 'इट्' आगम नित्य एवं वलादि आर्धधातुक को होने वाला 'इट्' आगम अनित्य होता है। चिण्वद्भाव के साथ होने वाला 'इट् आगम' नित्य है, इसलिये इसकी प्रवृत्ति में पर व अनित्य वलादिलक्षण वाला 'इट्' आगम प्रवृत्ति के योग्य नहीं होता है।

5. प्रकृत सूत्र में 'उपदेश अवस्था में अजन्त धातु' इस प्रकार न कहकर 'उपदेश अवस्था में जो अच्, तदन्त धातु' ऐसा कहा गया है, क्योंकि ऐसा कहने से णिजन्त धातुओं से पर 'तासिं' आदि प्रत्यय करने पर 'चिण्वद्भाव और इडागम' हो जाते हैं। यदि 'उपदेश में अजन्त धातु' इस प्रकार कहते, तो 'भावि' आदि णिजन्त धातुओं का कहीं उपदेश न होने से इनका यहाँ ग्रहण नहीं हो सकता था, परन्तु अब 'उपदेश में जो अच्, तदन्त धातु' ऐसा कह देने से 'भावि' आदि णिजन्त धातुओं का निर्बाध रूप से ग्रहण हो जाता है, क्योंकि 'इ' (णिच्) प्रत्यय का "हेतुमति च"[19] सूत्र से उपदेश किया गया है, अतः तदन्त धातु से 'भावि' आदि णिजन्त धातु का ग्रहण हो जाता है।

भाविता (चिण्वद्भाव पक्ष में)–

भू सत्तायाम् ('भू' धातु 'सत्ता=होना' अर्थ में प्रयुक्त होती है।)– भ्वादिगण, परस्मैपदी, अकर्मक, सेट्।

भू+लुँट्

"अनद्यतने लुँट्"[20] सूत्र से 'अनद्यतन भविष्य काल की क्रिया' के वाचक अकर्मक 'भू' धातु से पर 'भाव' अर्थ में 'लुँट्' लकार हुआ।

भू+लुँट् (ल्+उँ+ट्)

"हलन्त्यम्" सूत्र से उपदेश अवस्था 'लुँट्' में अन्त्य हल् 'ट्' की तथा "उपदेशेऽजनुनासिक इत्" सूत्र से 'लुँ=ल्+उँ' में अनुनासिक अच् 'उँ' की इत्संज्ञा एवं इत्संज्ञक 'ट्' तथा 'उँ' का "तस्य लोपः" सूत्र सेलोप हुआ।

भू+ल्

"भावकर्मणोः"[21] सूत्र से भाववाचक 'ल्' (लुँट्) के स्थान पर 'आत्मनेपद' का विधान हुआ।

भू+त

प्रथम पुरुष एकत्व की विवक्षा में "तिप्तस्झिसिप्थस्थमिप्वस्मस्तातांझथासाथांध्वमिड्वहिमहिङ्"[22] सूत्र से 'ल्' (लुँट्) के स्थान में आत्मनेपदसंज्ञक 'त' प्रत्यय हुआ।

भू+डा

स्थानी के साथ समान संख्या वाले आदेश होने से "यथासंख्यमनुदेशः समानाम्"[23] परिभाषा सूत्र की सहायता से "लुँटः प्रथमस्य डारौरसः"[24] सूत्र से 'त' के स्थान पर क्रमशः 'डा' आदेश हुआ।

भू+डा (ड्+आ)

"चुटू"[25] सूत्र से 'डा' प्रत्यय के आदि में स्थित टवर्ग– 'ड्' की इत्संज्ञा एवं इत्संज्ञक 'ड्' का "तस्य लोपः" से लोप।

भू+आ

सार्वधातुक संज्ञा

स्थानिवद्भाव के कारण "तिङ्शित्सार्वधातुकम्"[26] सूत्र से तिङ्– 'आ' प्रत्यय की सार्वधातुक संज्ञा।

भू+तासिँ आ

"सार्वधातुके यक्"[27] सूत्र से सार्वधातुकसंज्ञक 'आ' प्रत्यय पर रहते, 'भू' धातु से पर 'यक्' प्रत्यय की प्राप्ति हुई, परन्तु उसको बाधकर "स्यतासी लृँलुँटोः"[28] सूत्र से 'तासिँ' प्रत्यय हुआ।

भू+तासिँ (स्+इँ) आ

"उपदेशेऽजनुनासिक इत्" सूत्र से उपदेश अवस्था में स्थित 'तासिँ' के सकारोत्तर (स्+इँ) अनुनासिक अच् 'इँ' की इत्संज्ञा एवं इत्संज्ञक 'इँ' का "तस्य लोपः" से लोप।

भू+तास् आ

अंग संज्ञा

"यस्मात्प्रत्ययविधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम्"[29] सूत्र से 'भू' धातु से विहित (किये गये) 'तासिँ' (तास्) प्रत्यय पर रहते, व्यपदेशिवद्भाव से 'भू' है, आदि में 'भू' शब्दस्वरूप के तथा प्रकृति सहित वह शब्दस्वरूप भी 'भू' है, अतः 'भू' शब्दस्वरूप की 'अंग' संज्ञा हुई।

भू+इट् तास् आ

चिण्वद्भाव

"स्य–सिँच्–सीयुँट्–तासिँषु भावकर्मणोरुप–देशेऽज्झन–ग्रह–दृशां वा चिण्वदिट् च" सूत्र से भाव अर्थ गम्यमान रहते, उपदेश अवस्था में अजन्त (अच्–'ऊ' अन्त वाली) 'भू' धातु को विकल्प से चिण्वद्भाव हुआ, 'तास्' प्रत्यय पर रहते तथा चिण्वद्भाव पक्ष में 'तास्' प्रत्यय को 'इट्' आगम भी हुआ। टित् (टकार की इत्संज्ञा वाला) 'इट्' आगम "आद्यन्तौ टकितौ"[30] परिभाषा सूत्र की सहायता से 'तास्' प्रत्यय का आद्यवयव बनकर उपस्थित हुआ।

भू+इट्/(इ) तास् आ

"हलन्त्यम्"[31] सूत्र से उपदेश अवस्था 'इट्' में अन्त्य हल् 'ट्' की इत्संज्ञा व इत्संज्ञक 'ट्' का "तस्य लोपः" से लोप।

भू+इ तास् आ

चिण्वद्भाव होने के कारण "यदागमास्तद्गुणीभूतास्तद्ग्रहणेन गृह्यन्ते" परिभाषा से णित् 'तास्' (तासिँ) को होने वाला 'इट्' (इ) आगम 'तास्' प्रत्यय के गुण से गुणीभूत हो गया अर्थात् 'तास्' प्रत्यय में रहने वाला गुण णित्व से 'इट्' आगम भी गुणीभूत=णित्व गुण वाला हो गया, इसलिए 'णित्' प्रत्यय से 'इ तास्' का ग्रहण होता है।

भौ+इ तास् आ

चिण्वद्भाव होने के कारण "अचो ञ्णिति" सूत्र से 'इ तास्' को 'चिण्' की तरह णित् प्रत्यय मानकर

Scanned with CamScanner

P: ISSN NO.: 2321-290X RNI : UPBIL/2013/55327 VOL-5* ISSUE-2* October- 2017
E: ISSN NO.: 2349-980X **Shrinkhla Ek Shodhparak Vaicharik Patrika**

उसके परे रहते, अजन्त अंग 'भू' के भकारोत्तर (भ्+ऊ) 'ऊ' को 'औ' वृद्धि आदेश हुआ।

भ् आव्+इ तास् आ

स्थानी के साथ समान संख्या वाले आदेश होने से **"यथासंख्यमनुदेशः समानाम्"** परिभाषा सूत्र की सहायता से **"एचोऽयवायावः"**[32] सूत्र से 'इ' अच् परे रहते, एच्– 'औ' के स्थान पर क्रमशः 'आव्' आदेश हुआ।

भ् आव्+इ तास्(आस्)आ

टि संज्ञा

"अचोऽन्त्यादि टि"[33] सूत्र से 'तास्' में अचों में अन्त्य अच् तकारोत्तरवर्ती (त्+आ) 'आ' है, वह 'आ' आदि में है, 'आस्' समुदाय के, अतः 'आस्' समुदाय की 'टि' संज्ञा हुई।

भ् आव्+इ तास्(आस्)आ

'डित्त्वसामर्थ्यादभस्यापि टेर्लोपः' अर्थात् डित्त्व के सामर्थ्य=बल से **"टेः"**[34] सूत्र से अभसंज्ञक (भसंज्ञक भिन्न) 'तास्' में टिसंज्ञक भाग 'आस्' का लोप हुआ।

भाविता

वर्णसम्मेलन।

विशेष

चिण्वद्भाव होने पर, चिण्वद्भाव पक्ष में **"स्य–सिँच्–सीयुँट्–तासिँषु भावकर्मणोरुपदेशेऽज्झन–ग्रह–दृ–शां वा चिण्वदिट् च"** सूत्र से 'इट्' आगम भी होता है। चिण्वद्भाव के अभावपक्ष में यदि धातु सेट् है, तो नित्य ही 'इट्' आगम होता है। धातु वेट् है, तो विकल्प से 'इट्' आगम तथा धातु के अनिट् होने पर 'इट्' आगम का निषेध होता है, अतः चिण्वद्भाव के अभाव पक्ष में 'भू' धातु के सेट् होने के कारण 'भू तास् त' व 'भू स्य त' इस अवस्था में क्रमशः वलादि आर्धधातुक 'तास्' और 'स्य' को "आर्धधातुकस्येड् वलादेः" सूत्र से नित्य 'इट्' आगम होता है।

(लघु.) अकर्मकोऽप्युपसर्गवशात् सकर्मकः।

अनुभूयते आनन्दश्चैत्रेण (आनन्दः चैत्रेण) त्वया मया च।

अकर्मक धातु भी उपसर्ग के योग=सामीप्य के कारण सकर्मक हो जाती है। जैसे– 'सत्ता=होना' अर्थ वाली 'भू' धातु मूलतः अकर्मक होती है, किन्तु 'अनु' उपसर्गपूर्वक 'भू' धातु का प्रयोग होने पर सकर्मक हो जाती है, क्योंकि अब इसका अर्थ हो जाता है– 'अनुभव करना' या महसूस करना'। अकर्मक धातु से भाववाच्य में तथा सकर्मक धातु से कर्मवाच्य में लकार होते हैं। यहाँ 'अनु' उपसर्गपूर्वक 'भू' धातु का प्रयोग होने से सकर्मक हो जाने के कारण कर्मवाच्य में 'लँट्' आदि लकार होते हैं। लकार के कर्म अर्थ में आने के कारण 'कर्म' उक्त हो जाता है, जिससे उसमें प्रथमा विभक्ति होती है। कर्म के वचनों के अनुसार तङ् प्रत्ययों में वचन होते हैं। भाववाच्य में जहाँ लकार के केवल प्रथम पुरुष, एकवचन में ही रूप बनते हैं, वहीं कर्मवाच्य में कर्म के अनुसार लकार के सभी पुरुषों के तीनों वचनों में रूप बनते हैं। जैसे– तेन आनन्दोऽनुभूयते, ताभ्याम् आनन्दोऽनुभूयते, त्वया आनन्दोऽनुभूयते इत्यादि प्रयोगों में कर्म 'आनन्द' है, उसका प्रथमा विभक्ति, एकवचन में प्रयोग होने के कारण कर्मवाच्य की क्रिया 'अनुभूयते' में भी प्रथम पुरुष, एकवचन का प्रयोग किया गया है, परन्तु कर्म के द्विवचनान्त या बहुवचनान्त होने पर क्रिया में भी द्विवचन या बहुवचन का प्रयोग होता है। जैसे– मया सुखदुःखे अनुभूयेते (द्विवचनान्त), त्वया शीतवर्षातपादयोऽनुभूयन्ते (बहुवचनान्त) इत्यादि। इसी प्रकार कर्म के 'युष्मद्' या 'अस्मद्' शब्द होने पर क्रिया में मध्यम या उत्तम पुरुष का प्रयोग होता है। जैसे– तेन त्वम् अनुभूयसे, तेन युवाम् अनुभूयेथे, तेन यूयम् अनुभूयध्वे, तेन अहम् अनुभूये, तेन आवाम् अनुभूयावहे, तेन वयम् अनुभूयामहे आदि। यहाँ ध्यान देने योग्य बात यह है कि कर्मवाच्य में कर्म हमेशा उक्त (कहा गया) होता है, तथा कर्त्ता अनुक्त (न कहा गया), इसलिए **"कर्तृकरणयोस्तृतीया"**[35] सूत्र से अनुक्त कर्त्ता में तृतीया विभक्ति होती है तथा कर्त्ता की संख्या के अनुसार वचन। भाववाच्य एवं कर्मवाच्य में यक्, चिण्वद्भाव+इडागम और आत्मनेपद आदि सभी कार्य समान रूप से होते हैं, परन्तु दोनों में अन्तर केवल इतना है कि भाववाच्य में क्रिया में केवल प्रथम पुरुष, एकवचन के रूप प्रयुक्त होते हैं, वहीं कर्मवाच्य में क्रिया में कर्म के अनुसार पुरुष एवं वचन प्रयोग किये जाते हैं।

नोट

'अनुभूयते' आदि में 'लँट्' लकार 'कर्म' अर्थ में किया गया है, 'कर्त्ता' में नहीं, इसलिए 'कर्म' के पुरुष और वचन का इस पर प्रभाव पड़ता है, न कि 'कर्त्ता' के पुरुष और वचन का। जैसे– तेन सुखम् अनुभूयते, ताभ्यां सुखदुःखे अनुभूयेते, तैः शीतवर्षातपादयोऽनुभूयन्ते, मया त्वम् अनुभूयसे, त्वया अहम् अनुभूये इत्यादि उदाहरणों में अनुभूयते, अनुभूयेते, अनुभूयन्ते, अनुभूयसे, अनुभूये आदि प्रयोगों में कर्म के अनुसार क्रिया में परिवर्तन हो रहा है, न कि 'कर्त्ता' के अनुसार।

कर्मवाच्य में सकर्मक 'अनु' उपसर्गपूर्वक 'भू सत्तायाम्' धातु के 'लँट्' लकार के रूप

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	अनुभूयते	अनुभूयेते	अनुभूयन्ते
मध्यम पुरुष	अनुभूयसे	अनुभूयेथे	अनुभूयध्वे
उत्तम पुरुष	अनुभूये	अनुभूयावहे	अनुभूयामहे

आभीयत्वेनाऽसिद्धत्वाण्णिलोप

भाविता (चिण्वद्भाव पक्ष में)–

'भावि+इट् तास् आ' इस अवस्था में **"स्य–सिँच्–सीयुँट्–तासिँषु भावकर्मणोरुपदेशेऽज्झन–ग्रह–दृशां वा चिण्वदिट् च"** (6/4/62) और **"णेरनिटि"** (6/4/51) इन दोनों सूत्रों से होने वाले कार्य आभीय कार्य हैं तथा **"असिद्धवदत्राभात्"** सूत्र के नियम से समान आश्रय वाले दो आभीय कार्यों में हो चुका आभीय कार्य, नहीं किये हुए दूसरे आभीय कार्य की दृष्टि में असिद्ध होता है, अतः इस नियम से **"स्य–सिँच्–सीयुँट्–तासिँषु भावकर्मणोरुपदेशेऽज्झन–ग्रह–दृशां वा चिण्वदिट् च"** सूत्र से 'तास्' (तासिँ) को निमित्त मानकर चिण्वद्भाव व चिण्वद्भाव पक्ष में इडागम रूप आभीय कार्य, **"णेरनिटि"** सूत्र से उसी 'तास्' (तासिँ) को निमित्त मानकर नहीं किये हुए आभीय कार्य 'णिलोप' की दृष्टि में असिद्ध हो जाते हैं और इस प्रकार **"णेरनिटि"** को 'इ तास्' के स्थान पर केवल 'तास्' दिखाई देता है, इसलिए **"णेरनिटि"** सूत्र से अनिडादि (जिसको 'इट्' का आगम न हुआ हो, ऐसा)

Scanned with CamScanner

P: ISSN NO.: 2321-290X RNI : UPBIL/2013/55327
E: ISSN NO.: 2349-980X **Shrinkhla Ek Shodhparak Vaicharik Patrika** VOL-5* ISSUE-2* October- 2017

आर्धधातुकसंज्ञक 'तास्' प्रत्यय परे रहते, 'भावि' के उकारोत्तर (व्+इ) 'इ' (णिच्) प्रत्यय का लोप हो जाता है। असिद्धवदत्राभात्

(6/4/22) से लेकर पाद की समाप्ति तक होने वाले कार्य, आभीय कार्य कहलाते हैं। किसी आश्रय को लेकर हो चुका आभीय कार्य, उसी आश्रय को लेकर होने वाले दूसरे आभीय कार्य की दृष्टि में असिद्ध होता है।

बोभूयते आदि में यङ्लुगन्त धातु के विषय में यह ध्यातव्य है कि केवल कर्तृवाच्य में ही 'यङ्लुगन्त' धातु से परस्मैपद का विधान होता है, भाववाच्य एवं कर्मवाच्य में 'भावकर्मणोः' सूत्र से आत्मनेपद का ही विधान किया जाता है।

विशेष

यहाँ एक बात विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि जो धातु मूल रूप में अकर्मक होती है, वह यङन्त अथवा यङ्लुगन्त धातु हो जाने पर भी अकर्मक ही रहती है। जैसे– 'भू' धातु मूलतः अकर्मक है, इसलिये यङन्त (बोभूय) एवं यङ्लुगन्त (बोभू) धातु भी अकर्मक ही है। 'कृ' धातु सकर्मक है, अतः यङन्त (चेक्रीय) और यङ्लुगन्त (चर्कृ) भी सकर्मक रहती है। यथा– तेन घटाश्चेक्रीय्यन्ते, तया घटाश्चर्क्रियन्ते।

उद्देश्य

प्रस्तुत शोध लेख का यह उद्देश्य है कि **'स्य–सिँच्–सीयुँट्–तासिँषु भावकर्मणोरुपदेशेऽज्झन–ग्रह–दृशां वा चिण्वदिट् च'** सूत्र से सम्बद्ध विभक्ति, वचन–निर्देश, सूत्रगत सन्धि–विच्छेद, समास, विशेष, अधिकार का ज्ञान तथा सूत्र के अर्थ का तात्त्विक ज्ञान के साथ–साथ सूत्र के भावाच्य तथा कर्मवाच्य से सम्बद्ध रूपों का तत्त्वतः ज्ञान होगा। प्रकृत सूत्र से सम्बद्ध भावाच्य तथा कर्मवाच्य के रूपों को कण्ठस्थ करने आवश्यकता नहीं होगी। उदाहरणों में प्रकृत सूत्र की प्रवृत्ति तथा प्रत्युदाहरणों में अप्रवृत्ति का स्पष्ट रूप से ज्ञान होगा।

निष्कर्ष

प्रस्तुत शोध लेख का निष्कर्ष इस रूप में कहा जा सकता है कि सूत्र व सूत्रार्थ का तथ्यात्मक ज्ञान, उदाहरणों में सूत्रों की प्रवृत्ति तथा प्रत्युदाहरणों में अप्रवृत्ति का स्पष्ट रूप से ज्ञान होने के पश्चात् जनसामान्य तथा विशेष रूप से संस्कृत विषय में भी व्याकरणेतर छात्र–छात्राओं का संस्कृत व्याकरण शास्त्र के प्रति रुचि उत्पन्न होगी। साथ ही 'व्याकरण शास्त्र कठिन शास्त्र है' इस प्रकार का भ्रमात्मक संशय दूर होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. पा. अ. सूत्र– 6/1/116
2. पा. अ. सूत्र– 8/2/66
3. पा. अ. सूत्र– 1/3/2
4. पा. अ. सूत्र– 1/3/9
5. पा. अ. सूत्र– 6/1/109
6. पा. अ. सूत्र– 8/2/39
7. पा. अ. सूत्र– 8/4/62
8. पा. अ. सूत्र– 8/3/23
9. पा. अ. सूत्र– 1/1/72
10. पा. अ. सूत्र– 7/2/35
11. पा. अ. सूत्र– 1/4/2
12. पा. अ. सूत्र– 6/4/46
13. पा. अ. सूत्र–7/2/115
14. पा. अ. सूत्र– 7/2/116
15. पा. अ. सूत्र– 7/3/33
16. पा. अ. सूत्र– 7/3/54
17. पा. अ. सूत्र– 6/4/93
18. पा. अ. सूत्र– 6/4/51
19. पा. अ. सूत्र– 3/1/26
20. पा. अ. सूत्र– 3/3/15
21. पा. अ. सूत्र– 1/3/13
22. पा. अ. सूत्र– 3/4/38
23. पा. अ. सूत्र– 1/3/10
24. पा. अ. सूत्र– 2/4/85
25. पा. अ. सूत्र– 1/3/7
26. पा. अ. सूत्र– 3/4/113
27. पा. अ. सूत्र– 3/1/67
28. पा. अ. सूत्र– 3/1/33
29. पा. अ. सूत्र– 1/4/13
30. पा. अ. सूत्र– 1/1/46
31. पा. अ. सूत्र– 1/3/3
32. पा. अ. सूत्र– 6/1/78
33. पा. अ. सूत्र– 1/1/64
34. पा. अ. सूत्र– 6/4/155
35. पा. अ. सूत्र– 2/3/18

✦ पाणिनीय–अष्टाध्यायी–सूत्र

Scanned with CamScanner

ISSN (P) : 2321-290X * (E) 2349-980X Vol IV * Issue-III * November, 2016 RNI No. : UPBIL/2013/55327

Shrinkhla Ek Shodhparak Vaicharik Patrika

Indexed with Google scholar

Impact Factor
SJIF =4.473
GIF = 0.543

The Research Series

शृंखला Shrinkhala

A Multi-Disciplinary International Journal

Scanned with CamScanner

P: ISSN NO.: 2321-290X
E: ISSN NO.: 2349-980X
RNI : UPBIL/2013/55327
VOL-IV* ISSUE-III*November-2016
Shrinkhla Ek Shodhparak Vaicharik Patrika

25.	भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय महिलाओं के संदर्भ में राजपाल मीणा, अलवर,राजस्थान	120-121
26.	विश्व में आतंकवादी गतिविधियाँ एक सामाजिक परिदृश्य (विशेष संदर्भ भारत) के० एच० वासनिक, अमरावती, महाराष्ट्र	122-127
27.	एम.एफ.हुसेन ने विभिन्न रूपों को ग्रिड संरचना और विभिन्न श्रृंखलाओं के माध्यम से उभारा–एम. एफ.हुसेन का अध्ययन कमलेश व्यास, जयपुर, राजस्थान	128-134
28.	पाली भाषा और साहित्य : एक अनुसंधानिक विमर्श आर० के० राय, खत्रीवाड़ा, सिकन्द्राबाद	135-137
29.	तिनके की मदद से आग जलाते – लीलाधर जगूड़ी वाई.सी.यादव, बुलन्दशहर	138-139
30	भूमण्डलीकरण के माध्यम (संचार) में स्त्री की जगह शैलजा, रूधौली, बस्ती	140-143
31	मूल अधिकारों कर्त्तव्यों एवं प्रजातान्त्रिक मूल्यों को जन–जन तक पहुँचाने में समकालीन कथा साहित्य की भूमिका पुष्पा यादव, कानपुर	144-146
32	साम संहिता में 'ब्राह्मण,उपनिषद तथा अरण्यक' सुनीता सिंह, रामपुर मनिहारान,सहारनपुर,उ0 प्र0	147-150
33	यशपाल–स्त्री चिंतन अंजू सिंह, खांद्रा ,मिदनापुर	151-155
34	समाज की सच्ची तस्वीर उद्घाटित करता उपन्यास 'आधा गाँव' संजीत, रोहतक हरियाणा	156-157
35	वल्लभाचार्य और पुष्टि मार्ग अनिल कलसी, होशियारपुर, पंजाब	158-161
36	कालीदास की नारी पात्रों का ललित कला में योगदान किरन, बांगरमऊ, उन्नाव	162-164
37	भाववाच्य में संस्कृत–व्याकरण–सम्मत पुरुष व वचन की व्यवस्था विनोद कुमार झा, वेरावल, गुजरात	165-168

Scanned with CamScanner

P: ISSN NO.: 2321-290X RNI : UPBIL/2013/55327 VOL-IV* ISSUE-III*November-2016
E: ISSN NO.: 2349-980X **Shrinkhla Ek Shodhparak Vaicharik Patrika**

भाववाच्य में संस्कृत–व्याकरण–सम्मत पुरुष व वचन की व्यवस्था

विनोद कुमार झा
अध्यक्ष,
व्याकरण विभाग,
श्री सोमनाथ संस्कृत यूनिवर्सिटी,
वेरावल, गुजरात

सारांश

"लः कर्मणि च भावे चाऽकर्मकेभ्यः" सूत्र में लकारों के तीन अर्थ बताये गये हैं– कर्त्ता, कर्म और भाव। सकर्मक धातुओं से लकार कर्त्ता एवं कर्म अर्थ में तथा अकर्मक धातुओं से लकार कर्त्ता एवं भाव अर्थ में होते हैं। कर्त्ता अर्थ में लकार होने पर कर्तृवाच्य होता है। कर्तृवाच्य में कर्ता में प्रथमा विभक्ति, कर्म में द्वितीया विभक्ति और क्रिया में कर्ता के अनुसार पुरुष व वचन होते हैं। कर्मवाच्य में कर्म में प्रथमा विभक्ति, कर्ता में तृतीया विभक्ति और क्रिया में कर्म के अनुसार पुरुष व वचन होते हैं। भाववाच्य में कर्म नहीं होता है, अतः इस वाच्य में कर्ता में तृतीया विभक्ति और क्रिया में पुरुषों में केवल प्रथम पुरुष व वचनों में केवल एकवचन होते हैं। प्रस्तुत शोध लेख में भाववाच्य के नियम को सूत्रनिर्देशपूर्वक तथा उदाहरण प्रस्तुतिपूर्वक विस्तार से बताया जायेगा।

मुख्य शब्द : आत्मनेपद, परस्मैपद, युष्मद्, अस्मद्, उपपद, समानाधिकरण, स्थानिन्, अपि, शेष।

प्रस्तावना

